आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल ने वन विभाग में 2 हजार 61 वन मित्रों और हमीरपुर में स्टाफ नर्स के 150 पद भरने को मंजूरी दी है। ये निर्णय कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। मंत्रिमंडल ने वन मित्रों की भर्ती के लिए 10 अंको के व्यक्तिगत साक्षात्कार की शर्त को समाप्त करने का भी निर्णय लिया। मंत्रिमंडल ने वन संरक्षण अधिनियम 2023 में हाल ही में किए गए संशोधन के अनुरूप ईको टूरिज्म नीति 2017 में संशोधन करने का फैसला लिया। इसका उद्देश्य राज्य में ईको टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा देना और उनका विकास करना है। मंत्रिमंडल ने इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने और जीवाश्म ईंधन वाहनों पर निर्भरता कम करने के लिए राज्य के 6 ग्रीन कॉरिडोर्ज के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क को विस्तार देने के लिए निजी क्षेत्र को शामिल करने को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने 4 सौ 50 मेगावॉट की शोंगटोंग कड़छम पन विद्युत परियोजना के संबंध में मंत्रिमंडल की उप–समिति की सिफारिशों को स्वीकृति दी। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने कई अन्य महत्वपूर्ण फैसलों पर भी अपनी मुहर लगाई।

बैठक

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा पोस्ट कोर्ड 916 फायरमेन और पोस्ट कोड 977 मार्केट सुपरवाईजर के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करने की सिफारिश की गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में मंत्रिमंडल की बैठक में अंतिम फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन पदों का परिणाम घोषित किया जा चुका है और अब सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करने की सिफारिश की गई है।

बीएसएनएल नई सेवाएं

भारत संचार निगम लिमिटेड– बीएसएनएल ने उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए सात नई ग्राहक–केन्द्रित सेवाएं शुरू की हैं। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा की 4जी की शुरूआत के बाद से बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की संख्या पिछले छह महीने में 75 लाख से बढ़कर एक करोड़ 80 लाख हो गई। कंपनी के नये लोगो और सात नई सेवाओं का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के उन छह देशों में शामिल है जिन्होंने स्वयं की 4जी दूरसंचार सेवा विकसित की है और इसे जल्द ही 5जी में परिवर्तित कर दिया जाएगा। बीएसएनएल का नया लोगो शक्ति, विश्वास और सुगमता का प्रतीक है।

मुकेश अग्निहोत्री

शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर कल सांय तीन दिवसीय संगीत महोत्सव का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया। इस संगीत महोत्सव में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध संगीतकार अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। आयोजन के पहले दिन कलाकारों द्वारा सरोद वादन व राग माल

गूंजी जैसी प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने पद्मश्री सोमदत्त बटटू को भी सम्मानित किया। सोमदत्त बटटू पटियाला घराने के शिमला स्थित हिन्दूस्तानी शास्त्रीय गायक हैं।

दुर्घटना

किन्नौर जिले में बीती रात निचार सड़क संपर्क मार्ग पर पलिंगी के समीप एक निजी वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मृत्यु हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। मृतकों में एक राहगीर पर्यटक की मौत गाड़ी कीं चपेट में आने से हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। हालांकि उंचाई वाले क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में गिरावट के चलते इन इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू हो गई है। बीते 24 घंटों के दौरान ताबो का पारा माइनस एक दशमलव दो डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मैदानी इलाकों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है और इन क्षेत्रों में दिन के समय लोगों को अभी भी गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 28 अक्तूबर तक मौसम के साफ बने रहने की संभावना है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला व दैनिक जागरण की एक जैसी सुर्खी है वन मित्र भर्ती में नहीं होगा 10 अंकों का साक्षात्कार, सरकार ने शर्त हटाई। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है बिना इंटरव्यू भर्ती होंगे 2 हजार 61 वन मित्र। दैनिक भास्कर के शब्द हैं 2061 वन मित्रों और हमीरपुर में स्टार्फ नर्स के 150 पद भरने की मिली मंजूरी। पंजाब केसरी के मुताबिक हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में शुरू होंगी पीजी कक्षाएं। आपका फैसला की एक खबर है दृष्टिहीनों ने बैकलॉग भर्ती की मांग को लेकर किया चक्का जाम।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है न्यूनतम पारा लुढ़कने से सुबह–शाम बढ़ी ठंड।